उत्तर प्रदेश पावर ट्रान्समिशन कारपोरेशन लिमिटेड

(उ0प्र0 सरकार का उपकम)

U.P. POWER TRANSMISSION CORPRATION LIMITED

(Govt. of Utter Pradesh Undertaking)

शक्ति भवन, 14 अशोक मार्ग, लखनऊ।

संख्याः 1690–पारे0अनु0–16/पाट्राकालि–2015–01/2014 दिनांकः 25 जुलाई, 2015

1. समस्त मुख्य अभियन्ता (स्तर–।/स्तर–।।),
2. समस्त महाप्रबन्धक/उप–महाप्रबन्धक/उप–मुख्यलेखाधिकारी,
3. समस्त अधीक्षण अभियन्ता/समस्त अधिशासी अभियन्ता,

उ0प्र0 पावर ट्रान्समिशन कारपोरेशन लि0।

<u>विषयः स्थानीय बहिर्गमन भत्ता/वाहन भत्ता (Local Out Duty Allowance) की दरों का पुनरीक्षण।</u>

महोदय,

उपर्युक्त विषयक पूर्ववर्ती परिषदादेश सं0–1693–पी/राविप–तीस–77पी/1986 दिनॉक 11 नवम्बर, 1988, सं0–2034–पी/रा0वि0प0–30–75पी/86 दिनॉक 31.12.1988 एवं सं0–276–पी/रा0वि0प0–तीस–35पी/86 दिनॉक 12.03.1992 द्वारा निर्गत आदेशों का कृपया सन्दर्भ ग्रहण करें, जिनके द्वारा स्थानीय बहिर्गमन भत्ता/वाहन भत्ता की अनुमन्यता निम्नवत् प्रदान की गई थीः–

कम सं0	वर्ग	लखनऊ में	अन्य महानगर बरेली और मेरठ को सम्मिलित करते हुए।	अन्य जिला मुख्यालय में।
1.	अधिशासी अभियन्ता के वेतनमान में या उनके समकक्ष व उससे उच्च निजी वाहन मोटर कार रखने वाले अधिकारी	रू0 560/– प्रतिमाह	रू0 480/– प्रतिमाह	रू0 360/– प्रतिमाह
2.	निजी स्कूटर/मोटर साईकिल/ मोपेड आदि रखने वाले अधिकारी/ अवर अभियन्ता	रू0 200/– प्रतिमाह	रू0 200/– प्रतिमाह गोरखपुर, मुरादाबाद सहित उपरोक्त शहर	रू0 160/– प्रतिमाह
3.	परिषद सचिवालय एवं केन्द्रीय लेखा कार्यालय के मोटर साईकिल/स्कूटर/मोपेड रखने वाले अराजपत्रित कर्मिकयों को	रू0 200/– प्रतिमाह	––	––

2. इस सम्बन्ध में मुझे यह कहने का निदेश है कि कारपोरेशन के निदेशक मण्डल के अनुमोदन की प्रत्याशा में स्थानीय बहिर्गमन भत्ता/वाहन भत्ता की संशोधित दरें निम्नवत् अनुमन्य कराये जाने की स्वीकृति प्रदान की जाती हैः–

कम सं0	वर्ग	वाहन भत्ते की पुनरीक्षित दरें।
1.	अधिशासी अभियन्ता पद या उसके समकक्ष व उससे उच्च ग्रेड–वेतन के निजी वाहन मोटर कार आदि रखने वाले अधिकारी	रू0 1600/– प्रतिमाह
2. (अ)	– निजी स्कूटर/मोटर साईकिल आदि रखने वाले अधिकारी/अवर अभियन्ता	रू0 700/– प्रतिमाह
(ब)	– मोपेड रखने वाले	रू0 300/– प्रतिमाह
3. (अ)	– परिषद सचिवालय एवं केन्द्रीय लेखा कार्यालय के मोटर साईकिल/स्कूटर रखने वाले अराजपत्रित कर्मियों को।	रू0 700/– प्रतिमाह
(ब)	– मोपेड रखने वाले	रू0 300/– प्रतिमाह

24/7/15